Published Date:	13 Nov 2017	Publication:	Rashtriya Sahara
Edition:	New Delhi	Page No:	15
Circulation:	113849		

टीसीएस क्विज में दिल्ली को खिताब

नई दिल्ली (वि.)। देश की अग्रणी आईटी सर्विस, कंसल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशंस प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित भारत की सबसे बड़ी इंटर-स्कूल क्विज -टीसीएस आईटी विज में दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। क्विज में 950 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। दिल्ली एडिशन में इस साल की क्विज में देहरादून, जयपुर, कानपुर, मेरठ, पानीपत, सहारनपुर और सोनीपत के स्कूली छात्रों की टीम ने भी हिस्सा लिया। रीजनल फाइनल्स में पांच दौर की क्विजिंग के बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा के प्रणव धर और अंश अरोड़ा ने खिताब जीता। इस साल के रीजनल चैंपियनों को 60 हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर और उप-विजेता सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, लखनऊ के अतुल पटेल और ईशान श्रीवास्तव को 40 हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर और विषेश रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और मैडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रो. अनु सिंह, प्रो. वाइस चांसलर, दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी के साथ ही तेज पॉल भाटिया, वाइस प्रेसिडेंट, टीसीएस नॉर्थ इंडिया ऑपरेशंस ने विजेताओं को इनाम प्रदान किए।